







# सुबह रिमझिम बारिश के बाद दिन भर छाए रहे बादल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 31 जुलाई, पिछले कई दिनो से जिले में झमाझम बारिश नही हुई है. सुबह रिमझिम बारिश के बाद दिन भर आसमान में बादल छाए रहे. जिसके चलते सूर्यदेव के दर्शन नही हुए और दिन का अधिकतम तापमान भी अन्न दिनो से कम रहा.**

वही दूसरी तरफ बाणसागर के खोले गए सभी गेट पानी की आवक कम होने पर बंद कर दिये गये है. मौसम विभाग की माने तो दो दिन के अंदर एक बार फिर भारी बारिश होने की संभावना है. गौरतलब है कि पिछले कई दिनो से बारिश नही हुई है किसान धान का रोपा लगभग लगा चुके है और अब जो किसान रोपा लगाने में पीछे रह गये थे वह पानी का इंतजार कर रहे है. झमाझम बारिश जब होगी तभी रोपा लगाने का काम शुरू होगा. जिले की त्योंथर और जवा तहसील में अभी तक सबसे कम बारिश हुई है जबकि सबसे ज्यादा बारिश गुढ़ और हुजूर तहसील में हुई है. अभी दो महीने वर्षाकाल के है अब तक जितनी बारिश हुई है गत वर्ष की अपेक्षा ज्यादा है. पड़ोसी जिले मऊगंज में रीवा से ज्यादा बारिश हुई है. गुरूवार को दिन भर आसमान में बादल छाए रहे और बारिश नही हुई. दिन का अधिकतम तापमान 27.5 डिग्री रहा, जबकि रात का न्यूनतम तापमान 24 डिग्री आका गया. झमाझम बारिश होने की उम्मीद जताई गई है. अन्य दिनो के अपेक्षा गुरूवार को उमस भरी गर्मी नही रही. जिले के सभी डैम पहले ही लबालब हो चुके है, इस समय बीहर, बकिया बराज के भी गेट बंद है. ज्यादा बारिश होने पर बराज के गेट खोले जाते है.

# डीएपी के साथ यूरिया खाद का संकट, भटक रहा अन्नदाता

## समितियों में नहीं है खाद, कालाबाजारी पर नहीं लग रहा अंकुश, दो रैक खाद मिलने की उम्मीद

नवभारत न्यूज

**रीवा, 31 जुलाई, रीवा एवं मऊगंज में खाद की किल्लत से किसान परेशान है. धान का रोपा लगाने के दौरान किसानो को खाद नही मिली और अब खेत में खाद के छिड़काव के समय न तो डीएपी मिल रही और न ही यूरिया. जबकि दुकानदार ब्लैक में खाद बेच रहे है. कई जगह अमानक खाद की बिक्री भी हो रही है. खाद को लेकर प्रशासन ने पहले कोई व्यवस्था नही की, जिले का किसान खाद को लेकर भटक रहा है.**



रीवा कमिश्नर ने दो रैक खाद की मांग रीवा के लिये की है. खाद आने के बाद ही किसानो को राहत मिल सकेगी. खरीफ की बोनी में जब खाद का इतना संकट है तो रवी की बोनी में हालात क्या होगे, कुछ नही कहा जा सकता है. किसान निजी दुकानो से मंहगे दाम पर खाद लेने को विवश है. प्रशासन भले ही पर्याप्त खाद की बात कह रहा हो, लेकिन मैदानी हकीकत यह है कि किसानो को खाद नही मिल रही है. अभी तीन दिन पूर्व मऊगंज में खाद के लिये सैकड़ो किसान कतार में खड़े थे लेकिन उन्हे खाद नही. इस दौरान विवाद की स्थित भी निर्मित हुई. समूचे जिले में खाद के लिये किसान परेशान है. सहकारी समितियों में खाद नही है मंहगे दाम में व्यापारियों से खाद लेने किसान विवश है. बुधवार को रीवा कमिश्नर ने दो रैक खाद रीव को दिये जाने की मांग की है. अगर यह खाद रीवा पहुंचती है तब जाकर किसानो को कुछ हद तक राहत मिल पायेगी.

**किसानो ने कहा भटक रहे खाद के लिये**-पिछले दिनों से चल रही किसानो की धान की रोपाई का कार्य पूर्ण होने के बाद अब क्षेत्र का किसान यूरिया एवं डीएपी खाद के लिए भटकने को मजबूर हो गया है. जिले के साथ साथ गुढ़ के डबल लाक एवं समिति में खाद न होने से अब किसान खेतो में खाद देने के लिए परेशान हो रहा है. कृषक दिनेश कुमार त्रिपाठी, रजनीश पाण्डेय सहित क्षेत्र के किसानो ने बताया कि इस समय अब धान की फसल की रोपाई हो जाने के बाद खेतो में खाद डालने का अवश्यकता है. लेकिन समिति एवं डबल लांक में खाद न होने के कारण किसानो की फसल खाद के बिना अब नष्ट हो रही है अत: जिला प्रशासन से मांग है कि जिला प्रशासन समय रहते किसाने को खाद उपलब्ध कराए.

### बिना लाइसेंस के बेच रहे थे खाद

गुढ़ तहसील क्षेत्र के गुढ़ नगर, दुआरी और गौरा में किसानों की शिकायत पर बिना लाइसेंस के घटिया और नकली खाद बेच रहे अवैध विक्रेताओं पर कड़ी कार्रवाई की गई. यह कार्रवाई गुढ़ तहसीलदार अरुण कुमार यादव के नेतृत्व में की गई. गुढ़ नगर परिषद वार्ड क्रमांक 4 स्थित सीताराम किराना स्टोर में नितेश गुप्ता के द्वारा द्वारा बिना लाइसेंस के घटिया खाद विक्रय करते पाए जाने पर मौके पर खाद जप्त कर पंचनामा तैयार किया गया. इसी प्रकार दुआरी स्थित राम संजीवन गुप्ता और गौरा क्षेत्र में भी छापेमारी कर खाद को जप्त किया गया. तहसील प्रशासन की इस कार्रवाई के दौरान यह भी उजागर हुआ कि कुछ दुकानदारों द्वारा सरकारी खाद को अवैध रूप से बेचने का कार्य किया जा रहा था, जिस पर संबंधित समिति प्रबंधक को नोटिस जारी किया गया है. तहसीलदार अरुण कुमार यादव ने बतायाकि क्षेत्र में बिना लाइसेंस व घटिया खाद बेचने वालों को चिन्हित किया जा रहा है. ऐसे दुकानदारों पर कठोर कार्यवाही करते हुए दुकानें सील की जाएंगी.

# सड़क चौड़ीकरण में टूटेंगे कई मकान और दुकान

नवभारत न्यूज

**रीवा, 31 जुलाई, सिरमौर चौराहे से लेकर अस्पताल चौराहे तक सड़क का चौड़ीकरण किया जायेगा. जिसमें कई दुकान और मकान फस रहे है. जिन्हे हटाया जायेगा.**

शहर में सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है. जिसके लिए प्रशासन और नगर निगम की टीम ने तैयारी शुरु कर दी है. सिरमौर चौराहा से लेकर अस्पताल चौराहा तक करीब एक सैकड़ा से अधिक पक्के घर और दुकानों को चिन्हित किया गया है, साथ अतिक्रमणकारियों को नोटिस दे दिया गया है. अमहिया रोड की चौड़ाई 7 से 8 मीटर के करीब है, जिसमें सिरमौर चौराहा से अमहिया नाला तक की सड़क को 18 मीटर चौड़ा किया जाएगा. अमहिया नाला से गल्ला मंडी गुरुद्वारा तक सड़क 15 मीटर चौड़ी की जाएगी. गल्ला मंडी से अस्पताल चौराहा तक 18 मीटर तक चौड़ीकरण का काम किया जाएगा. इसी के हिसाब से दुकानों और मकानों को हटाने की कार्रवाई की जाएगी. बता दें कि रीवा के मास्टर प्लान में अमहिया मार्ग पहले से शामिल है. सड़क पर लोगों ने कब्जा करके कई मंजिला दुकानों और मकानों का निर्माण कर लिया है. जिसके कारण सड़क सकरी हो गई है. साथ ही जाम की स्थिति भी बन जाती है. जिसके चलते प्रशासन ने सर्वे करके अतिक्रमण चिन्हित कर लिया है.

# बारकोड स्कैन करते ही राखी लेने घर पहुंचेगा डाकिया

नवभारत न्यूज

**रीवा, 31 जुलाई, रक्षाबंधन के पावन पर्व में इस बार डाकघर ने बहनों को बड़ा तोहफा दिया है.**

अब भाईयों को राखी भेजने के लिए बहनों को डाकघर नहीं जाना होगा, सिर्फ स्कैनर से स्कैन करना होगा और पोस्टमैन घर आकर राखी का पार्सल पिकअप कर लेगा. अधीक्षक डाकघर आर.के. तिवारी ने बताया कि राखी के खास मौके पर प्रधान डाकघर में यह सुविधा आरंभ की गई है. अब बहनों को डाकघर जाने की जरूरत नहीं होगी. बारकोड को स्कैन करने से बहने सीधी पोस्टमास्टर से वाट्सअप पर जुड जाएंगी. पोस्टमैन खुद बहनों के घर पहुंच कर पार्सल पिकअप करेंगे. पार्सल बुक कराकर रसीद भी प्रदान करेंगे.

## संक्षिप्त

### संभागीय नजूल निर्वतन समिति की बैठक 6 को

**रीवा, 31 जुलाई,** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद की अध्यक्षता में 6 अगस्त को संभागीय नजूल निर्वतन समिति की बैठक आहूत की गई है. कमिश्नर कार्यालय में सुबह 11.15 बजे से आयोजित बैठक में रीवा जिला नजूल भूमि निर्वतन समिति द्वारा प्रस्तुत प्रकरणों पर निर्णय लिया जायेगा. इस अवसर पर अपर आयुक्त रीवा संभाग, कलेक्टर रीवा, संयुक्त संचालक नगर तथा ग्राम निवेश व जिला पंजीयक उपस्थित रहेंगे.

### खनि रियायत स्वीकृति संबंधी बैठक 13 को

**रीवा, 31 जुलाई**, कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद की अध्यक्षता में वन सीमा से 25 मीटर की परिधि में आने वाली भूमियों के खनि रियायत में स्वीकृति के संबंध में बैठक का आयोजन 13 अगस्त को शाम 4 बजे किया गया है. बैठक में सीधी एवं मैहर जिले से प्राप्त प्रस्तावों में खनिज पट्टा स्वीकृति के संबंध में विचार विमर्श किया जायेगा.

### हैण्डपंप में किया गया क्लोरिनेशन

**रीवा, 31 जुलाई**, बरसात के मौसम में जल स्त्रोतों के शुद्धीकरण के उद्देश्य से हैण्डपंपों में क्लोरिनेशन का कार्य किया जा रहा है. लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की टीम द्वारा रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड अन्तर्गत ग्राम करियाझर एवं ऐतला ग्रामों में स्थापित सभी हैण्डपंपों में क्लोरिनेशन किया गया. सहायक यंत्री से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकास तिवारी, अर्पित द्विवेदी एवं आयुष नागर के दल द्वारा स्त्रोतों में सोडियम हाइपोक्लोराइड सल्यूशन डालकर क्लोरीनीकरण किया गया. इसके साथ ही गांव के विद्यालय एवं आंगनवाड़ी व निजी कुंओ ने भी क्लोरीनेशन का कार्य किया गया.

### स्वतंत्रता दिवस आयोजन संबंधी बैठक 4 को

**रीवा, 31 जुलाई**, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में 4 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस आयोजन संबंधी बैठक आयोजित की गई है. कलेक्टर कार्यालय के मोहन सभागार में टीएल बैठक के उपरांत दोपहर एक बजे से आहूत बैठक में स्वतंत्रता दिवस आयोजन की तैयारियों के संबंध में चर्चा की जायेगी.

### संजीवनी क्लीनिक में किया गया पौधरोपण

**रीवा, 31 जुलाई**, एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक विश्वविद्यालय में वृक्षारोपण किया गया. कमिश्नर बीएस जामोद के निर्देशन में संजीवनी क्लीनिक में आम, जामुन, मुनगा आदि फलदार पौधों का रोपण किया गया. इस अवसर पर डॉ. के.बी. गौतम, डॉ. प्रियांश सिंह, सौरभ पाण्डेय एवं संस्था के कर्मचारी उपस्थित रहे.

### नहर में गिरा ऑटो

**गुढ़, 31 जुलाई**, गुढ़ नगर परिषद बार्ड 13 निवासी रामनारायण तिवारी उर्फ (झल्लर) का 28 वर्षीय पुत्र दीपक तिवारी अपनी आटो रिक्शा लेकर अपनी बहन के यहां जा रहा था और बुधवार को रात के 8 बजे समय गड्डी मार्ग होते हुए जा रहा था तभी रामपुर नैकिन थाना स्थिति बिहार के लिए निकली बड़ी नहर में आटो गिरी और दीपक उफनाई नहर के तेज बहाव मे बह गया. जहां प्रत्यक्ष दर्शियों द्वारा आटो सुबह ही नहर से पुलिस ने निकाल कर नहर का पानी बन्द कराया गया. जहा गुरुवार को रामपुर पुलिस ने नहर से शव एक कि मी. दूर पत्थर में अटकी हुई बरामद कर पीएम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया. हलाकि दीपक के नहर में समहित होने व मौत को लेकर गुढ़ नगर के लोगो में तरह तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है.

### परीक्षा पूर्व नि:शुल्क प्रशिक्षण के लिए आवेदन 10 तक

**रीवा, 31 जुलाई**, मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति कल्याण द्वारा संचालित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में बैंकिंग, रेलवे, एसएससी, बीमा, नर्सिंग एवं म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल में चयन के लिये अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों से आगामी 10 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं. इस संबंध में प्राचार्य परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र ने बताया कि आवेदन पत्र स्वयं अथवा रजिस्टर्ड डाक से कार्यालय में जमा किये जा सकते हैं. आवेदक मध्यप्रदेश का मूल निवासी तथा अनुसूचित जाति अथवा जनजातीय का सदस्य होना चाहिए. आवेदक की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच हो. आवेदक के परिवार की वार्षिक आय 6 लाख रूपये से अधिक नहीं होनी चाहिए. आवेदक को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तय की गयी न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता रखता हो.



अवैध कॉलोनी में कार्यवाही के दौरान मौजूद नगर निगम अमला एवं पुलिस

# तीन अवैध कॉलोनियों की रोड और निर्माण को किया गया ध्वस्त

नवभारत न्यूज

**रीवा, 31 जुलाई, शहर में अवैध कालोनियो पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है. उसके बाद भी अवैध कालोनी काटी जा रही है.**

गुरूवार को पुलिस की मौजूदगी में नगर निगम के दल ने अलग-अलग वार्डो में तीन अवैध कालोनियो पर कार्यवाही करते हुए रोड़ और अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया. यह कार्यवाही कार्यपालन यंत्री एचके त्रिपाठी के नेतृत्व में की गई. जोन क्र. 04 वार्ड क्र. 26 लालन टोला कोलान बस्ती के पीछे राजस्व ग्राम समान, तहसील हुजूर खसरा क्र. 874/1/1 का जुज रकवा 0.1040 हे. एवं खसरा क्र. 874/1/2 का जुज रकवा 0.3160 हे. जिसका जुज रकवा 0.42 हे. भूमि स्वामी राकेश नामदेव पिता दुर्गा प्रसाद नामदेव एवं प्रतिनिधि सर्वेश मिश्रा पिता राजकुमार मिश्रा बगैरह के द्वारा अनाधिकृत कालोनी बनाने का कार्य किया जा रहा था. इसी प्रकार वार्ड 26 बहुरियन तालाब के पास खसरा क्र. 130 जुज रकवा 0.2468 हे. के भूमि स्वामी जलज कुमार पटेल पिता राजमणि पटेल बगैरह द्वारा अवैध कालोनी में रोड, भूखण्ड को विभक्त कर सीमा चिन्ह का निर्माण किया गया था जिसे उखाड़ने की कार्यवाही की गई. साथ ही वार्ड क्र. 26 बहुरियन तालाब के पास ही खसरा क्र. 144 का कुल जुज रकवा 0.559 हे. के भूमि स्वामी जितेन्द्र सिंह पिता विजय सिंह एवं विनोद कुमार त्रिपाठी पिता स्व. सूर्यभान त्रिपाठी वगैरह एवं उनके प्रतिनिधि के द्वारा अनाधिकृत कालोनी बनाने का कार्य किया जा रहा था. उक्त कालोनाजरों को पूर्व में नगर निगम द्वारा सूचना दी गई इसके पश्चात भी निर्माण कार्य भूखण्ड से नही हटाया गया जिस कारण नगर निगम के निर्माण अमले द्वारा अवैध कालोनियों में बनी सड़को एवं नालियों तथा सीमा चिन्हों को उखाड दिया. उक्त कार्यवाही के दौरान शांति व्यवस्था को कायम रखने हेतु पुलिस बल मौजूद रहे. पूर्व में नोटिस दी गई थी.

# सेवानिवृत होने पर कर्मचारियों को दी गई भावभीनी विदाई

नवभारत न्यूज

**रीवा, 31 जुलाई, कृषि महाविद्यालय रीवा में कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई. विदाई अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों को मुख्य अतिथि बनाया गया.**



करोड़ी लाल ड्राइवर कुठलिया एवं श्रमिक रामसुन्दर केवट, श्रीमती रीता वर्मा, श्रीमती श्यामकली साकेत फल अनुसंधान केंद्र कुठलिया सेवानिवृत हो गए. वृहस्पतिवार को दोपहर बाद कृषि महाविद्यालय रीवा में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें शिक्षको, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों एवम श्रमिको एवम परिवार से आए सदस्यों द्वारा पुष्पगुच्छ, श्रीफल एवं शाल देकर भावभीनपूर्ण विदाई दी गई. इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रो एस के त्रिपाठी ने बताया कि महाविद्यालय में कार्यरत सभी कर्मचारी एक ईमानदार, कर्मठ और प्रधायपको एवं छात्र छात्राओं के बीच लोकप्रिय रहे है आज ये सेवानिवृत हो रहे है इन्हे मैं बधाई और शुभकामनाएं देता हूं. वैज्ञानिक डॉ आरके तिवारी, डॉ आरपी जोशी, डॉ एसएम कुर्मवंशी, डा़ टीके सिंह, डा़ राजेश सिंह, डा एके गिरी, डा़ प्रदीप मिश्रा, एम के मिश्रा, सुधीर सिंह मौजूद रहे.

# नवोदय विद्यालय में कक्षा -6 में प्रवेश के लिए आवेदन अब 13 तक

नवभारत न्यूज

**रीवा, 31 जुलाई, पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय सिरमौर में शिक्षा सत्र 2026-27 में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि में वृद्धि की गयी है. विद्यार्थी अब 13 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं.**

पूर्व में आवेदन करने की अंतिम तिथि 29 जुलाई निर्धारित की गई थी जिसे बढ़ाकर अब 13 अगस्त कर दिया गया है. इच्छुक विद्यार्थी किसी भी ऑनलाइन सेंटर अथवा मोबाइल के माध्यम से प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन कर सकता है. इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य मनीष तिवारी ने बताया कि विद्यार्थी को रीवा अथवा मऊगंज जिले के शासकीय विद्यालय अथवा मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालय में कक्षा 5 में अध्ययरत एवं रीवा अथवा मऊगंज जिले का निवासी होना चाहिए.

# महेश ठारवानी बने कैट मध्य प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष

नवभारत न्यूज

**रीवा, 31 जुलाई, भारत की लघु एवं फुटकर व्यापारियों की अखिल भारतीय संस्था कंफडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स मध्य प्रदेश का पुनर्गठन किया गया.**

जिसमें प्रदेश अध्यक्ष सुनील अग्रवाल द्वारा राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेंद्र जैन की सहमति से रीवा के वरिष्ठ व्यापारी, किराना व्यापारी संघ रीवा के अध्यक्ष महेश ठारवानी को कैट मध्य प्रदेश का वरिष्ठ उपाध्यक्ष



एवं रीवा संभाग प्रभारी मनोनीत किया गया है. श्री ठारवानी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनने पर अशोक दौलतानी, पवन मालिक संदीप मंगल, मनोहर वाधवानी, सीधी के कमल कामदार, दिलीप सितानी, चंद्रपाल बसंतानी, रीवा के अमरजीत सिंह लक्की, नरेश काली, कमलेश सचदेव, प्रकाश तारानी, अजय माधवानी, सुरेश पंजवानी ने हर्ष व्यक्त किया है.

# तुलसी बहुत ही तीव्र बुद्धि के ज्ञानी थे : डा. पाण्डेय

नवभारत न्यूज

**रीवा, 31 जुलाई, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के पर्यावरण जीव विज्ञान विभाग के सभागार में गोस्वामी तुलसीदास जयंती के उद्घाटन समारोह का आयोजन हुआ. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. अवधेश पाण्डेय पूर्व सचिव तुलसी अकादमी एवं संस्कृति विभाग रहें.**



अपने उद्बोधन में श्री पाण्डेय ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास की जयंती के अवसर पर विश्वविद्यालय के स्थापना के पहले दिन का साक्षी मैं ही हूँ, जीवन में जो भी सौभग्य आये उसका पूरा आनन्द लेना चाहिए. मेरे जीवन में बहुत सारे सौभग्य मिले हैं. तुलसी बहुत ही तीव्र बुद्धि के ज्ञानी थे. उनके अध्यापन के लिए नरहरदास जी ने वाराणसी में ले गयें. तुलसीदास को 24 वर्ष की आयु में सभी शास्त्रों का ज्ञान हो चुका था. इसके बाद तुलसीदास रामायण की कथा सुनाते थें जो शिष्य सुनते थे. कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलगुरू प्रो0 राजेन्द्र कुमार ने कहा देश को आगे बढ़ाना है तो मातृ शक्ति का सम्मान करना होगा. यह भारतीय संस्कृति के संरक्षण रही है. विशिष्ट अतिथि प्रो. सुरेन्द्र सिंह परिहार, कुलसचिव ने कहा कि आज श्रवण मास की सप्तमी को गोस्वामी तुलसीदास का जन्म दिवस है. आज एक ऐसा दिन है जो भारतीय संस्कृति, भक्ति, परोपकार आदि का हर्ष उल्लास का दिन है. डा0 सुरेन्द्र कुमार त्रिपाठी, डा0 अतुल तिवारी आदि ने सम्बोधित किया. आभार नलिन दुने ने व्यक्त किया.

# अधिवक्ता संघ मनगवां के दूसरी बार अध्यक्ष बने बालेन्द्र तिवारी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 31 जुलाई, तहसील मनगवां के अध्यक्ष संघ का निर्वाचन सम्पन्न हुआ. जिसमें अध्यक्ष के रूप में बालेन्द्र तिवारी दूसरी बार निर्वाचित हुए और सचिव बृजेन्द्र सिंह निर्वाचित हुए.**



निर्वाचन अधिकारी एसके तिवारी ने निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद एंड बालेंद्र तिवारी को निर्वाचित घोषित किया है दूसरे स्थान पर पराजित बृजभूषण मिश्रा तीसरे स्थान पर सत्येंद्र पांडे और चौथे स्थान पर यादवेंद्र सिंह रहे. उपाध्यक्ष विनोद पाण्डेय निर्वाचित हुए. श्री पाण्डेय को 33 मत प्राप्त हुए. इसी तरह सचिव बृजेन्द्र सिंह 50 मत प्राप्त कर निर्वाचित हुए. सह सचिव निर्विरोध राजदीन कुशवाहा, कोषाध्यक्ष रविशंकर तिवारी, ग्रंथपाल निर्वाचित हुए. गहमागहमी भरा चुनाव रहा. कार्यकारिणी सदस्य में हर्षलाल शर्मा, संतोष कुमार तिवारी, उमेश कुमार पटेल, श्रीमती रानी तिवारी, मंगलेश्वर तिवारी आदि शामिल है. अध्यक्ष को अधिवक्ताओं ने बधाई दी.

# पीडब्ल्यूडी के अति जर्जर मकान को ननि ने गिराया

नवभारत न्यूज

**रीवा, 31 जुलाई, निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार निगम क्षेत्रांतर्गत अतिजर्जर व भयप्रद भवनों को हटाने की कार्रवाई निरंतर की जा रही है.**

इसी क्रम में 31 जुलाई को सब्जी मंडी में स्थित लोक निर्माण विभाग द्वारा घोषित पीडब्ल्यूडी के अतिजर्जर भयप्रद भवन को नगर निगम के सहयोग से हटाने की कार्यवाही की गई. निगम आयुक्त ने कहा है कि नियमानुसार अति जर्जर/भयप्रद भवनों को गिराये जाने की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी. शहर में अभी दो दर्जन से अधिक ऐसे जर्जर मकान है जिन्हे गिराया जाना है. उक्त कार्यवाही में सहायक यंत्री एसके गर्ग, उपयंत्री मनोज सिंह मौजूद रहे.